दिनांक–13.01.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, बिहारशरीफ के अधीन नालंदा जिला के हरनौत प्रखंड में पतसिया के समीप पंचाने नदी के बायें बांध में 01 अदद ए0एफ0एस0 निर्माण कार्य (एजेण्डा सं0–242/323/2026) (निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02/2025-26, Gr. No.-01) के निविदा पर विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति से प्राप्त अनुशंसा पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक दिनांक–13.01.2026 को सम्पन्न हुई ।

2. बैठक में उपस्थित पदाधिकारीगणः–

(i) श्री संतोष कुमार मल्ल, प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना

(ii) श्री वरूण कुमार, अभियन्ता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना

(iii) श्री एजाज कलीम, मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना

(iv) श्री अरविन्द कुमार वर्मा, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जल संसाधन विभाग, पटना

3. तकनीकी बीडः–

(i)	कार्य का नाम	:–	नालंदा जिला के हरनौत प्रखंड में पतसिया के समीप पंचाने नदी के बायें बांध में 01 अदद ए0एफ0एस0 निर्माण कार्य (एजेण्डा सं0– 242/323/2026) ।
(ii)	स्वीकृत परिमाण विपत्र की राशि	:–	रु0 17.89374 लाख
(iii)	निविदा प्रकाशन का विवरण	:–	हिन्दुस्तान समाचार पत्र, दिनांक–19.12.2025 (पी0आर0 नं0–019725 (WRD) 2025–26)
(iv)	निविदा प्राप्ति की तिथि	:–	दिनांक 29.12.2025
(v)	प्राप्त निविदाओं की सं0	:–	01 अदद ।
(vi)	निविदा की प्रक्रिया	:–	ई–टेन्डरिंग ।
(vii)	एन0 आई0 टी0 सं0	:–	02/2025-26, Gr. No.-01
(viii)	प्रमंडल का नाम	:–	बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, बिहारशरीफ ।
(ix)	प्रशासनिक स्वीकृति का प्रसंग एवं राशि	:–	विभागीय पत्रांक–5334 दिनांक–31.12.2025, राशि–24.87 लाख

4. विभागीय निविदा समिति की समीक्षाः–

इस निविदा में वित्तीय बोली (Financial Bid) के मूल्यांकन हेतु एकल निविदादाता होने के कारण विषयक निविदा को विभागीय निविदा समिति के समक्ष उपस्थापित किये जाने हेतु मुख्य अभियंता, पटना द्वारा निविदा अभिलेख आदि समर्पित किया गया है । मुख्य अभियंता, पटना से प्राप्त निविदा अभिलेख के आलोक में दिनांक 08.01.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी समीक्षा में निविदा में सम्मिलित 01 (एक) अदद निविदादाता यथा - **1. साहिल राज कन्सट्रक्शन, पो0–अरौत, नालंदा** द्वारा तकनीकी बीड की सभी वांछित अर्हता पूरी करने के कारण तकनीकी बीड में सफल करने की अनुशंसा की गई है ।

विभागीय निविदा समिति की बैठक में तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति की अनुशंसा पर की गयी समीक्षा के आलोक में निविदादाता की स्थिति निम्नवत् है:-

(i) **साहिल राज कन्सट्रक्शन, पो0-अरौत, नालंदा:-** इनके द्वारा तकनीकी बीड की सभी वांछित अहर्ताएं पूर्ण की गयी है ।

विदित है कि प्रसंगाधीन कार्य की एकल निविदा के निस्तार हेतु पूर्व से ही विभागीय अनुमोदन प्राप्त है । पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या-3162(S) दिनांक-09.05.2016 की कंडिका-(2) के आलोक में उक्त एकल निविदा पर विभागीय निविदा समिति द्वारा निर्णय लिया जाना है ।

5. समिति का निर्णय:-

उपर्युक्त कंडिका-4 पर की गयी समीक्षा के आलोक में विभागीय निविदा समिति द्वारा मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना को तकनीकी बीड में सफल निविदादाता **साहिल राज कन्सट्रक्शन, पो0-अरौत, नालंदा** से इस आशय की सहमति कि ''यदि संवेदक द्वारा उद्धृत दर, परिणाम विपत्र की दर से अधिक पाया जाता है तो वे यह कार्य परिमाण विपत्र की दर / वार्तालापित दर पर करने के लिए सहमत होगें'' लेने के उपरान्त ही उनका वित्तीय बीड खोलकर नियमानुसार कार्य आवंटित करने हेतु प्राधिकृत किया गया ।

13/01/26
(अरविन्द कुमार वर्मा)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
जल संसाधन विभाग, पटना ।

13/01/26
(एजाज कलीम)
मुख्य अभियंता,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
जल संसाधन विभाग, पटना ।

13/01/2026
(वरूण कुमार)
अभियन्ता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
जल संसाधन विभाग, पटना ।

13/1
(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग, पटना ।

पत्रांक:-बाढ़(मो0)सिं0नि0-12/2026 171 पटना/ दिनांक- 13-01-2026

प्रतिलिपि:- मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना को सभी निविदा अभिलेखों/कागजातों के साथ सूचनार्थ एवं अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु समर्पित । अनुरोध है कि विभागीय पत्रांक-786 दिनांक-06.02.2025 के आलोक में भी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाय ।

अनु0:-यथावत् ।

13/1/26
अधीक्षण अभियन्ता,
बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग अंचल,
सिंचाई भवन, पटना ।

पत्रांकः-बाढ़(मो0)सिं0नि0-12/2026 171 पटना/ दिनांक-13-01-2026

प्रतिलिपिः- कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित ।

13/1/26

अधीक्षण अभियन्ता,

बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग अंचल,

सिंचाई भवन, पटना ।